हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4
केदारनाथ यात्रा वृतांत को दिया पुस्तक का रूप, बताए अनुभव



## खबर संक्षेप



### वोटिंग मशीनों का हुआ फर्स्ट रेंडमाइजेशन

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहूए एआरओ वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में उपयोग होने वाले ईवीएम और व्हीव्हीपैट मशीनों के प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्टोरेट सारंगढ़ के सभाकक्ष में किया गयाए जिसका सूची और क्रम के अनुसार वेयर हाउस में भौतिक रूप से क्रमबद्ध किया जाएगा।

### आईटीआई खरसिया में एसटीसी प्रमाण पत्र उपलब्ध

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया, जिला रायगढ़ में प्रशिक्षण सत्र 2005 से 2008 तक के व्यवसाय फिटर एवं प्रवेश सत्र 2009 से 2017 व्यवसाय कोपा के प्रवेशित प्रशिक्षणार्थी जो कि राज्य व्यवसायिक परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, उनका एसटीसी प्रमाण पत्र संस्था में उपलब्ध है। अतएव वे प्रशिक्षणार्थी जो संस्था में उक्त प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षणरत थे वे संस्था में आकर अपना एसटीसी प्रमाण.पत्र कार्यालय के प्रशिक्षण शाखा से प्राप्त कर सकते है।

### अज्ञात कारणों से महिला ने की आत्महत्या

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र निवासी महिला ने अज्ञात कारणों से फासी लगा कर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार पुष्पा यादव पति राजेश यादव उम्र 32 वर्ष निवासी नुन्दरहा थाना घरघोड़ा ने घर के म्यांर में रस्सी से फाँसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी मिल रही है बताये अनुसार घर पर सभी महुवा बीनने के लिए जंगल गए थे मृतिका जेठानी के साथ घर मे रुकी हुई थी। जेठानी जब नहाने के लिए गए थी तब मृतिका पुष्पा ने घर मे लगे म्यांर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव देखकर घर परिवार में अफरातफरी का माहौल बन गया था। परिजनों की रिपोर्ट पर घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुचकर शव को उतारकर शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मौत के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा। प्रथम दृष्टया महिला के विवाह से 14 के बाद बच्चा नही होने के मौत का कारण बताया जा रहा है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर एक की मौत, दूसरा घायल

**जांजगीर-चांपा।** देवी दर्शन के लिए चंद्रपुर जा रहे कार चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दो युवकों को ठोकर मार दी। घटना में दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरा घायल युवक का उपचार चल रहा है। घटना फगुरम चौकी क्षेत्र के ग्राम घोघरी की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 7 अप्रैल को कार क्रमांक-11बीएफ-9001 का चालक मंदिर दर्शन के लिए चंद्रपुर जा रहा था। वहीं मोटर साइकिल में सवार होकर दिनेश कुमार सिदार एवं शांति सिदार डभरा काम से आए हुए थे काम खत्म होने के बाद वापस घर जा रहे थे। तभी तेज रफ़्तार कार ने सामने से जोरदार ठोकर मारी है जिससे मोटर साइकिल सवार दोनो युवक सड़क किनारे जा गिरे। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। युवक दिनेश कुमार सिदार उम्र 32 वर्ष की सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा युवक शांति सिदार उम्र 34 साल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया गया।

## बयान दर्ज करते वक्त हुई बहसबाजी, शिकायतकर्ता दिखे असंतुष्ट

# आयुष्मान योजना की इंसेंटिव राशि के वितरण की जांच करने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिला अस्पताल में इंसेंटिव वितरण की जांच करने व शिकायतकर्ताओं का बयान दर्ज करने के लिए सोमवार को राजधानी रायपुर से तीन सदस्यीय टीम पहुंची। इस दौरान उक्त टीम ने सभी शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए। इस दौरान कर्मचारियों व जिला स्तरीय जांच समिति के अधिकारियों के बीच बहसबाजी होने की भी जानकारी मिली। बताया जा रहा है कि उक्त जांच दल इस मामले में आज अंतिम निर्णय ले सकती है।

सोमवार को हुई जांच से शिकायतकर्ता असंतुष्ट थे क्योंकि जिन लोगों पर इंसेटिव घोटाले की जांच का आरोप है उन्हीं के सामने जांच टीम ने बयान लिया और आमने. सामने सवाल.जवाब भी किया। जिला स्तरीय टीम पर भी आरोप है कि वह इस पूरे मामले को रफादफा करने में लगी है तभी तो उसने बेगुनाह 4 डाटा इंट्री ऑपरेटर्स को बलि का बकरा बनाते हुए निलंबित कर दिया। जानकारी के अनुसार जिन 48 लोगों ने इंसेंटिव घोटाले की शिकायत कलेक्टर, स्वास्थ्य मंत्री, विधायक समेत कई लोगों तक की है उन्हें जांच समिति के समक्ष उपस्थित होने के लिए सिविल सर्जन ने बुलाया। रायपुर से आई जांच समिति में एक डॉक्टर, एक एकाउंट विभाग से और एक नोडल अधिकारी आयुष्मान योजना के है। जिला स्तरीय जांच टीम डॉ. भानू पटेल, एकाउंट ऑफिसर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक और सीएस डॉ. आरएन मंडावी समेत 5 लोग हैं। रायपुर की टीम ने एक-एक कर पीड़ितों को बुलाया और कथित आरोपी प्रोग्राम मैनेजर मनीष नायक और आयुष्मान योजना के जिला नोडल अधिकारी तिलेश दीवान के सामने ही बयान दर्ज करने लगे। कई मौकों पर दोनों की शिकायतकर्ताओं से बहसबहसी भी हुई। नर्सिंग स्टाफ ने तो जमकर भड़ास निकाली और सभी ने एक स्वर में अपने हक के पैसे की मांग की। लैब टैक्निशियनों ने भी पैसा मांगा और घोटाले के जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि यह जांच सिर्फ दिखावा है अन्यथा जिन पर आरोप हैं उन्हें साथ बिठाकर बयान कब लिया जाता है ऐसा कहीं नहीं होता। पैसे की रिकवरी के साथ ही नियमानुसार दोषियों के निलंबन की कार्रवाई की मांग कर्मचारियों द्वारा की गई। जांच टीम के सामने तब अजीब स्थिति पैदा हुई जब जिला चिकित्सालय के आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी डॉ. प्रकाश चेतवानी ने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए बताया कि उन्हें जिला अस्पताल के डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना के तहत आए इंसेंटिव के बारे में कोई जानकारी नहीं है और न ही उनसे होकर कोई फाईल आगे बढ़ी है। इस पर टीम ने कहा कि अब तक जरूरी नहीं है कि अस्पताल के नोडल के पास से फाइल आगे बढ़े, सीएस काफी हैं, अस्पताल के नोडल से होकर फाइल आगे बढ़े ऐसी व्यवस्था की जाएगी।

### नियमानुसार ऐसे होना था वितरण

सरकारी अस्पतालों में योजनांतर्गत गतिविधियों को बढ़ावा देने, सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता बढ़ाने एवं कार्यरत स्टाफ को बेहतर इलाज सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से उक्त चिकित्सालयों के कुल क्लेम भुगतान राशि से 34 प्रतिशत राशि प्रोत्साहन राशि इंसेंटिव के रूप में चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों में वितरित की जाएगी एवं 1 प्रतिशत राशि का उपयोग इंडेम्निटि हेतु उपयोग किया जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय के लिए प्रोत्साहन राशि का वितरण इस प्रकार है जिसमें प्रत्यक्ष उपचारकर्ता समूह है इसके अंतर्गत उपचारकर्ता चिकित्सक या सर्जन को देय प्रतिशत 45, सहायक चिकित्सक को 15 प्रतिशत, ओटी तकनीशियन को 4 प्रतिशत का प्रावधान है। अन्य उपचार समूह जिसमें क्लीनिकल एवं नर्सिंग स्टाफ. चिकित्सक, नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन को 20 प्रतिशत। चतुर्थ वर्ग सफाई कर्मचारी इत्यादि को 6 प्रतिशत। प्रशासनिक कर्मचारी हॉस्पिटल कंसलटेंट इत्यादि को 0.5 प्रतिशत। डाटा इंट्री को 5 प्रतिशत और अस्पताल प्रमुख को 0.5 प्रतिशत राशि देय होगी।

**यह है विवाद का कारण-** स्वास्थ्य विभाग के 48 कर्मचारियों ने बीते दिनों अपने ही विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका आरोप है कि उन्हें मिलने वाली प्रोत्साहन राशि यानी खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना के तहत मेडिक्लेम में मिलने वाली राशि का कुछ अंश स्वास्थ्यकर्मियों को इंसेंटिव के रूप में सालाना मिलता है जिसमें धांधली हुई। कुछ लोगों ने मिलकर अपने चहेतों को इसका लाभ पहुंचाया है वहीं इससे पात्र अब तक वंचित है।



## एनएच 49 में भीषण हादसा, ट्रेलर बोलेरो में भिड़ंत, सभी घायल

**रायगढ़।** नेशनल हाइवे क्रमांक 49 में सोमवार की दोपहर को ट्रेलर व बोलेरो के बीच जोरदार भिंडत हो गया। जिसमें बोलेरो सवार परिवार के सभी लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तेज गति के कारण यह हादसा हुआ, बोलेरो के ट्रेलर में टक्कर के बाद बोलेरो खेत में जा गिरी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया।

- बोतल्दा के अटल रॉक गार्डन के सामने हुई दुर्घटना, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे क्रमांक 49 में सोमवार की दोपहर को फिर एक बार एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। दरअसल खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बोतल्दा अटल रॉक गार्डन के पास ट्रेलर और बोलेरो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि इस हादसे में बोलेरो सवार करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। वहीं इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही खरसिया पुलिस और विधायक उमेश पटेल मौके पर पहुँचे और घायलों को अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार मुताबिक बिलासपुर पंडरी तालाब से एक परिवार के करीब 8 से 9 सदस्य बोलेरो सीजी 13 सी 7394 से वापस घर आ रहे थे, इसी दौरान दूसरी ओर खरसिया से सक्ती की तरफ एक ट्रेलर जा रही थी। दोनों वाहन बोतल्दा रॉक गार्डन के पास जैसे ही पहुंचे तेज रफ्तार होने के कारण एक दूसरे को काट नहीं पाए और आमने सामने दोनों में जबरदस्त टक्कर हो गई। गति अधिक होने के कारण वाहनों के बीच टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो छिटककर खेत में जा गिरी। हादसे के बाद घटनास्थल में चीख पुकार मच गई। बोलेरो एक तरफ से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वही सामने से ट्रेलर को भी काफी नुकसान हुआ है। इस भीषण दुर्घटना को देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को बोलेरो से बाहर निकाल पुलिस को सूचित किया गया।

## एडिशनल एसपी ने किया चेक पोस्ट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा पुलिस अधिकारियों को जिले के अंतर्राज्यीय व अंतर जिला चेक पोस्ट का समय-समय पर निरीक्षण करने एवं कर्मचारियों को आचार संहिता के निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी द्वारा थाना लैलूंगा अंतर्गत ग्राम तोलामाए किलकला और जमुना अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया। जहां अधिकारियों ने चेक पोस्ट पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा की जा रही जांच का जायजा लिया गया और उन्हें जांच के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों ने चेक पोस्ट से गुजरने वाले दुपहिया, चार पहिया, माल वाहक वाहन तथा सभी प्रकार के वाहनों सघनता से जांच करने और आसपास क्षेत्र की गतिविधियों पर निगाह रखकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने निर्देशित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगड़े, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी एवं स्टाफ मौजूद रहे। विदित हो कि लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होने के साथ ही जिले में आचार आदर्श संहिता लागू है।

अंतर्राज्यीय व अंतर जिला चेक पोस्ट पर सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराबए अन्य मादक पदार्थ, नकदी रूपये, उपहार या अन्य चुनाव प्रभावित सामग्रियों के परिवहन को रोकने चौबिसों घंटे उड़नदस्ता और स्थैतिक निगरानी दल सक्रिय होकर जांच की जा रही है।

## रेलवे लाइन के तार चोरी, 4 आरोपी सहित 2 क्रेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



घरघोड़ा-धरमजयगढ क्षेत्र अंतर्गत रेलवे लाइन का विस्तार के साथ ही इस इलाके में रेलवे ट्रैक के ऊपर लगे कॉपर कैटनरी बिजली तार लगातार चोरी की घटनाओं के मामले में पुलिस ने 4 आ रो पि यों सहित चोरी के सामान क्रय करने वाले 2 क्रेताओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 52 किलोग्राम कैटनररी कॉपर तार, नगद 5 हजार रूपए सहित एक मोटरसाइकिल जब्त किया गया है।

- 52 किलो कैटनरी कॉपर तार, नगद 5600, एक मोटरसाइकिल जब्त

प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस ने बताया कि बीते दिनों थाना प्रभारी घरघोडा को मुखबीर से रेलवे लाइन के कैटनरी वायर की चोरियों के मामले में सूचना मिली थी। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए घरघोड़ा पुलिस ने ग्राम मुस्कुरा जंगल चौक चोकपारा के पास 4 संदिग्ध युवकों शशि भूषण बैरागी उर्फ छोटू पिता धरमदास वैष्णव उम्र 24 वर्ष निवासी कोटरीमाल, हरिदास बैरागी उर्फ बाबू पिता गोकुल दास बैरागी उम्र 19 वर्ष निवासी कोटरीमाल, जागेश्वर राठिया उर्फ जग्गू पिता लालाराम राठिया उम्र 19 वर्ष निवासी रेंगालबहरी और लखन राठिया पिता बाबूलाल राठिया उम्र 21 वर्ष निवासी रेंगालबहरी,को हिरासत में लिया गया। जिनसे पूछताछ करने पर घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कई स्थानों से रेलवे ट्रैक के ऊपर लगे कॉपर कैटनरी तार चोरी का खुलासा हुआ। इन चोरियों के संबंध में माह जनवरी से अब तक थाना घरघोड़ा में 7 अपराधों दर्ज किए गए हैं। आरोपियों ने चोरी की कुछ सामग्री स्थानीय राहुल शर्मा पिता प्रदीप शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी शर्मा चौक घरघोड़ा और राजा पुष्टि पिता बाबली पुष्टि उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 10 घरघोड़ा के पास खपाने की बात कही। ऐसे में दोनों युवकों को इन अपराधों में सह आरोपी बनाया गया।

बीते 12 जनवरी को इन चारों ने एक राय होकर ग्राम बरकसपाली में चोरी की योजना बनाई और उसी रात बरकसपाली के रेल्वे लाईन के उपर लगे तांबा के बिजली तार को चोरी को अंजाम दिया। जिसके बाद दर्रीडीपा घरघोड़ा से ग्राम बनई के बीच, घरघोड़ा-बरभांठा के मध्य, घरघोड़ा-कारीछापर के मध्य, ग्राम कंचनपुर के करीब, दरीडिपा के पास, भालूमुडा-घरघोड़ा के मध्य दर्रीडिपा में रेलवे ट्रैक के ऊपर कॉपर कैटनरी वायर चोरी करने की बात कबूल की।

## लोभ, लालच से दूर निर्भय होकर करें मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू और सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम घोठला बड़े में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत वृद्धजन एवं दिव्यांग सम्मान एवं स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए। जिले में शत प्रतिशत मतदान करने और मतदान को बढ़ावा देने के लिए किया गया, जिसमें गांव के ग्रामीण महिला पुरूष, वृद्धजन, युवा, दिव्यांग आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। आवासीय प्रांजल विद्यालय सारंगढ़ के मानसिक दिव्यांग बच्चों के द्वारा सुस्वागतम और सांस्कृतिक गीत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसी प्रकार गांव की बालिकाओं द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान एवं एसडीएम वासु जैन ने इस अवसर पर वृद्धजनों को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि आप सभी वोट दें और आप अपने से जुड़े लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करें। भारत चुनाव आयोग ने 80 वर्ष से अधिक आयुए दिव्यांग एवं असक्षम मतदाता को विशेषकर व्यवस्था किए हैं कि जिससे वे अपने घर बैठे मतदान कर सकते हैं। आप सभी मतदाता अपने विवेक से लोकतंत्र के चुनाव में बिना किसी डर केए बिना किसी लोभ केए उसी व्यक्ति को अपना वोट दें जिस को आप पसंद करते हैंए जो आपके दुख सुख में काम आएं। देश का गर्व और लोकतंत्र के पर्व को आप सभी आनंद से मनाएं। स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने कहा कि मतदान के दिन मतदान केन्द्र में व्हील चेयरए पेयजलए शौचालय आदि की व्यवस्था रहेगा। अभी सामूहिक शपथ हम सभी ने लिया। एक.एक वोट से सरकार बनता है। मतदान की तिथि 7 मई को सभी अपना वोट दें। इस अवसर पर जिले के बिहान समूह की महिलाओं ने धार्मिक आयोजन में उपयोग किए जाने वाले कई दीपों से सजे कलश के इर्द.गिर्द सामूहिक शपथ लिए।

### सी- विजिल एप से कर सकते हैं आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा निर्वाचन 2024 में भी सी.विजिल मोबाइल एप लेकर आया है। जिसका उद्देश्य स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी एवं जवाबदेही बढ़ाना है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। सी.विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होने पर उडनदस्ता एफएसटी तुरंत मौके पर पहुंचकर जरूरी कार्रवाई करेगा। सी.विजिल ऐप पर शिकायतकर्ता शराबए पैसे बांटने या आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। इसमें शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा। शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। ऐप पर फोटो अपलोड करना होगा। शिकायतकर्ता को यह भी लिखने की जरूरत नहीं होगी कि वह कहां है। यानी इस ऐप के जरिए मतदाता भी निगरानी कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से मतदाता फोटो और वीडियो के साथ यदि कहीं कोई गड़बड़ी हो रही हो उस स्थान की लोकेशन भी भेज सकते हैं और लिखकर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा सकते हैं।



## सिहारधार के गमहार गांव में पानी के लिए मचा हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के लैलूंगा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सिहारधार के गमहार गांव के लोग पानी के लिए तरस रहे है वहां की दुर्दशा पर पूरा गांव आंशु बहा रहा है।

हमारी टीम को कुछ ग्रामीण मिले जिन से पूछा गया परंतु जानकारी नहीं होने से सही संतोष जनक जवाब नही दे पाया इतना जानकारी है कि दो माह पहले ही इसे बनाया गया है। जब उनसे गांव में अन्य समस्या के बारे मे पूछा गया तो पानी की समस्या बेहद है बताया गया जिसके बाद मोहल्ले से काफी लोग निकल कर आये और समस्याओं का पिटारा खोलने लगे ग्रामीणों का कहना था की इस गांव में दो बोरिंग थे जिससे हमारा पियास बुझता था परंतु सालों से एक बोरिंग खराब पड़ा है जिसे बनवाने वाला कोई नही है वही एक और बोरिंग था उसमें बोर कर दिया गया है जिसमे मात्र 5 मिनट ही पानी निकलता है जिससे मोहल्ले वाले को बहुत ज्यादा परेशानी होती है पूर्वजो द्वारा खेत मे बनाये गए ढोढ़ी से पानी लाकर पियास बुझाया जा रहा है। सरपंच सचिव द्वारा किसी प्रकार का कोई ध्यान नही दिया जाता है, बोल बोल कर थक चुके है। इतना ही नही यहां सड़क की समस्या भी है नाली तो पाट पाट बना दिया गया था पर किस काम का वही अभी जल जीवन मिशन के तहत गड्ढा खोद कर पाइप लाइन का विस्तार किया गया है जिससे नाली ढंक चुकी है और सभी घरों के सामने नल के लिए प्लेटफार्म बनाकर छोड़ दिया गया है। पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण बेहद परेशान है जिसमे एक बोरिंग काफी दूर में है एक मे भीड़ बहुत होती है वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बस्ती में एक बोरिंग हैण्डपंप है जो चालू है लेकिन उसमें भी प्रयाप्त पानी नहीं निकलता है। जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी मूलभूत आवश्यकताओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा पूरा नही किया जा सका है। जिसके कारण आज ग्रामीण ढोढ़ी का पानी पीने मजबूर है। परंतु इस विकराल समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि कभी इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगताना पड़ रहा है। अब जैसे-जैसे गर्मी बढ़ते जा रही है, वैसे वैसे पानी की समस्या और गहराते जा रही है। ऐसे स्थिति में ग्राम पंचायत सिहारधार के पूरे गांव की नलजल योजना की पोल खुलना स्वाभाविक है।

- पेयजल के लिए तरस रहे ग्रामीण

## निर्वाचन के दौरान मशीन खराबी पर शीघ्र करें रिस्पांस

# मतदान केन्द्रों की मूलभूत सुविधाओं पर दें ध्यानः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में सोमवार को सेक्टर ऑफिसर का समीक्षा सह प्रशिक्षण संपन्न हुआ। अधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय, साफ-सफाई जैसे मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिए। इसी तरह आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधित किसी भी तरह की शिकायत सी.विजिल एप पर करने की बात कही। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोयल ने कहा कि सेक्टर ऑफिसर्स के पास वोटिंग मशीन से लेकर सारे प्रपत्र होते हैं। निर्वाचन के दौरान उन्हें सेक्टर मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की जाती है। इस पर उन्हें अपने क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने की भी जिम्मेदारी रहती है। उम्मीदवारों द्वारा लाउडस्पीकर या पाम्पलेट बैनर, होर्डिंग्स स्टीकर यादि से प्रचार पर परमिशन की जांच जरूर करें। इसी तरह प्रलोभन या सामान बांटने और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधित किसी भी तरह की शिकायत सीधे सी.विजिल पर करें। इसी तरह सेक्टर ऑफिसर्स द्वारा भरे जाने वाले एएमएफ एश्योर्ड मिनिमम फैसलिटीज को भरने में खानापूर्ति नहीं करने और जैसी स्थिति है उसे स्पष्ट तौर पर भरने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी मतदान केंद्रों में टेन्ट से छाया और पीने की पानी की गिलास मग के साथ पर्याप्त व्यवस्था रखने की बात कही। कलेक्टर श्री गोयल ने विधानसभा निर्वाचन के दौरान कम वोटिंग प्रर्सेंटेज वाले मतदान केंद्रों पर फोकस करने और संबंधित क्षेत्रों में स्वीप के तहत कार्यक्रम कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मतदान के शुरू होने के दो घंटे तक अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर पूरी तरह फोकस करें। सेक्टर का बेहतर मैप अपने पास रखें और उस हिसाब से सभी मतदान केंद्रों के बीच में अपने रूकने का स्थान का चुनाव करें ताकि मशीन खराब होने की

### ईवीएम- वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोपरि

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके लिए सभी सेक्टर ऑफिसर्स को गंभीरता से कार्य करना है। पीठासीन अधिकारियों से बेहतर तालमेल आपसी सामंजस्य बनाकर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी ;इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेटद्ध के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### 543 केंद्रों में लगेंगे दो सीसीटीवी

कलेक्टर श्री गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि 1085 में से 543 मतदान केन्द्रों में वेब.कॉस्टिंग किया जाएगा। ऐसे सभी मतदान केन्द्रों में दो कैमरे लगाये जाएंगे। एक मतदान कक्ष के अंदर व दूसरा मतदाताओं के कतार को कवर करने के लिए होगा, जिससे मतदान केन्द्रों के प्रबंधन में आसानी होगी।

8- APR-Jash-RAGH-CORIY- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/8/2024 8:24 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# आरोपों के बावजूद बेफिक्र नजर आए अमेरिकी रैपर



अमेरिकी रैपर शॉन 'डिडी' कॉम्ब्स मौजूदा समय में यौन तस्करी की जांच की वजह से होमलैंड सिक्योरिटी के निशाने पर हैं। इस बीच उन्हें मियामी के एक रेस्तरां में देखा गया। गंभीर आरोपों से घिरे होने के बाद भी हंसते, मुस्कुराते और धूम्रपान करते दिखाई दिए जैसे इस केस का उन पर कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा हो। पिछले हफ्ते उनके एलए और मियामी एस्टेट पर की गई छापेमारी के बाद यह नजारा सामने आया है। सफेद शॉर्ट्स में बिना शर्ट के वे फ्लोरिडा की धूप और धूम्रपान का लुत्फ उठाते नजर आए। यह पहली बार नहीं है जब रैपर को जांच के दौरान बेफिक्र होकर मस्ती करते देखा गया है। पिछले गुरुवार को उन्हें लड़कियों के साथ मियामी बीच में टॉप गोल्फ में देखा गया था। बाहर निकलते समय उन्होंने फोटोग्राफरों की ओर मुस्कुराते हुए पोज दिया था। वहीं एक अन्य वीडियो में वे एक बकेट टोपी और एक बड़े साइज का सोने का हार पहने नजर आए थे। उनके गले में नारंगी रंग का तौलिया भी था। रैपर इस हफ्ते बहामास में छुट्टियां मनाने जाने वाले थे, लेकिन अचानक हुई छापेमारी से उन्हें अपना कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने उनके घर की तलाशी ली और रैपर के दो बेटों को हिरासत में ले लिया गया। साथ ही, उन्हें भी हवाई अड्डे पर रोक दिया गया।

### टॉलीवुड

# विजय बोले- खाली शैंपू की बोतल में पानी भर करता हूं इस्तेमाल



साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'फैमिली स्टार' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म के प्रचार के लिए वे लगातार इवेंट्स कर रहे हैं। साथ ही साक्षात्कार भी दे रहे हैं। अब उन्होंने हाल ही में दिए साक्षात्कार में खुद को मिडिल क्लास लड़का बताया है। इसके अलावा उन्होंने खुलासा किया है कि वह घर में भी काफी नॉर्मल जिंदगी जीते हैं। अभिनेता विजय देवरकोंडा ने एक कार्यक्रम में मेगास्टार चिरंजीवी के साथ बातचीत करते हुए खुद को मध्यम वर्गीय लड़का कहा। हाल ही में, हैदराबाद में तेलुगु डिजिटल मीडिया फेडरेशन द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जहां अभिनेताओं ने अपने-अपने करियर पर चर्चा की और पारिवारिक मूल्यों के बारे में भी बात की। विजय ने कहा, ₹मेरी जिंदगी बहुत बदल गई है, लेकिन मेरे दिमाग में मैं अभी भी वही मध्यम वर्ग का लड़का हूं। मुझे अभी भी शैंपू की बोतल लगभग खाली होने पर पानी डालने की आदत है, इसलिए मैं बोतल में पानी डालकर फिर से इसका इस्तेमाल करता हूं। इसे फेंकने से पहले मैं देख लेता हूं कि अभी इसका और इस्तेमाल किया जा सकता है या नहीं। इसी क्रम में चिरंजीवी ने कहा कि वह भी खत्म हो गए साबुन को फेंकने के बजाय एक और सप्ताह के लिए उपयोग करने के लिए छोटे साबुन के टुकड़ों को मिलाते हैं।₹ यही नहीं, मेगास्टार अपने परिवार के सदस्यों को बिजली बचाने को लेकर भी शिक्षित करते हैं। चिरंजीवी ने कहा, ₹मेरा परिवार आदतन बिजली बर्बाद करता है और मैं लाइट बंद कर देता हूं। मैं जल संरक्षण के बारे में भी विशेष ध्यान देता हूं।₹ वर्कफ्रंट की बात करें तो विजय अपनी अगली फिल्म 'फैमिली स्टार' की रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसमें वह मृणाल ठाकुर के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। यह फिल्म 5 अप्रैल, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। फैंस फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### छॉलीवुड

# छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'लागे हे मोला तोर लगन' का मुहुर्त



छत्तीसगढ़ी फिल्म 'लागे हे मोला तोर लगन' का आज लोकायन हॉल में शानदार मुहुर्त हुआ। बतौर विशेष अतिथि निर्देशक व्दय सतीश जैन एवं संतोष जैन मौजूद थे। निर्माता लक्ष्मी महंत एव निर्देशक बलवंत राय की इस फ़िल्म में विशाल दुबे एवं सुचारिता स्वाइन की जोड़ी नज़र आएगी। प्रोडक्शन हेड पूरन किरी हैं। विशेष अतिथि व्दय सतीश जैन एवं निर्देशक संतोष जैन ने मंच से अपने विचार रखते हुए कहा कि "लागे हे मोला तोर लगन' यह टाइटल ही अपने आप में काफी अच्छा है और बनने जा रही इस फिल्म से बहुत से अनुभवी लोग जुड़े हैं। स्वाभाविक है नतीजा अच्छा आएगा।" इस दौरान डायरेक्टर बलवंत राय, प्रोडक्शन हेड पूरन किरी, संगीतकार संजय मैथिल, नायक विशाल दुबे, नायिका सुचारिता स्वाइन एवं अभिनेता संजय महानद ने फिल्म से संबंधित बातों पर प्रकाश डाला। मंच पर अतिथियों के रूप में निर्माता अलक राय, वरिष्ठ पत्रकार अनिरुद्ध दुबे, निर्देशकगण अनुमोद राजवैद्य, गंगा सागर पंडा एवं शांतनु पाटनवार की उपस्थिति रही। 'लागे हे मोला तोर लगन' के अन्य प्रमुख कलाकार पूरन किरी, डॉ. अजय सहाय, संजय मैथिल, अंजलि सिंग, गंगा सागर पंडा, संगीता निषाद, लवनीत सिन्हा, अमन सागर, प्रगति गुप्ता, श्रुति सिंग, हर्षवर्धन पटनायक, प्रतीक सिंह, सारू दुबे, बेनेडिक्ट फ्रांसिस, निकिता ठाकुर एवं रूपाली चौहान हैं। डीओपी राम सिंग के. हैं। कहानी एवं पटकथा दिलीप कौशिक की है। संवाद राजीव सर्राफ ने लिखे हैं। क्रियेटिव वर्क मोहक जाट का होगा।


## लाइफ स्टाइल

### मेटावर्स फैशन



मेटावर्स फैशन वीक ने भविष्य के लिए फैशन इंडस्ट्री को नए आयाम दिए है। एमवीएफडब्ल्यू का दूसरा वार्षिक संस्करण एथेरियम ब्लॉकचेन द्वारा संचालित एक आभासी सामाजिक दुनिया, डिसेंट्रालैंड प्लेटफॉर्म पर आयोजित एक फैशन-भरा चार दिवसीय कार्यक्रम था। जिसमें 60 से अधिक डिजाइनरों और कलाकारों के साथ, इस शो में कोच, टॉमी हिलफिगर और डीजल जैसे बड़े नाम शामिल हुए। साथ ही वेब नेटिव ड्रेसएक्स, द फैब्रिकेंट और इंस्टीट्यूट ऑफ डिजिटल फैशन ने भी अपनी भागीदारी दी।

# आंखों के नीचे पड़ रहे हैं एजिंग स्पॉट्स, तो अपनाएं ये ब्यूटी हैक्स



40 की उम्र होने के बाद आखों के नीचे पड़ रही हैं झाइयां, तो ये घरेलू नुस्खे आपके आ सकते हैं काम। एक बार जरूर ट्राई करके देखें। उम्र बढ़ने के साथ-साथ त्वचा में बहुत सारे बदलाव आते हैं। आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स आना या फिर झाइयां पड़ना भी इन्हीं में से एक। यह दिक्कत आम तौर पर हर किसी को उम्र के 35वें पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते हो जाती है। खासतौर पर 40 की उम्र की महिलाओं के चेहरे पर आपको एजिंग स्पॉट्स नजर आए जाएंगे। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉक्टर भारती तनेजा कहती हैं, ₹ आंखों के नीचे का हिस्सा गतिशील नहीं होता है, इसलिए एजिंग स्पॉट्स आने की सबसे ज्यादा संभावनाएं वहीं होती हैं। इसलिए आपको चेहरे की मसाज नियमित करनी चाहिए और आप रसोई में मौजूद कुछ चीजों का भी प्रयोग कर सकती हैं। ₹आपको बताएंगे कि किसी तरह से आप आंखों के नीचे आ रहे एजिंग स्पॉट्स को कम कर सकती हैं या फिर आने से रोक सकती हैं।

### क्यों पड़ते हैं आंखों के नीचे एजिंग स्पॉट्स?

एज फैक्टर के अलावा इसके दो कारण हो सकते हैं। पहले तो यह कि आंखों के नीचे आप मसाज नहीं करती हैं और दूसरा यह कि आप बहुत ज्यादा धूप में रहती हैं। दरअसल, धूप में रहने की वजह से त्वचा में मेलेनिन ज्यादा बनने लगता है और इससे चेहरे पर डार्क स्पॉट्स उभर आते हैं।

### आंखों के नीचे डार्क स्पॉट्स को कम करने के उपाय

एलोवेरा जेल और गुलाबजल को मिक्स करके आइस ट्रे में मिश्रण को डालें और आइस क्यूब्स बना लें। फिर आप इन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाएं। नियमित रूप से आप 5 मिनट ऐसा करें। इससे आपकी आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स और स्पॉट्स दोनों ही गायब हो जाते हैं। ग्रीन-टी के पानी में नींबू के रस की 5 बूंद मिक्स करें और इसे ठंडा कर लें। फिर आप इस मिश्रण में कॉटन बॉल्स को डिप करें और इस मिश्रण को आंखों के आस-पास लगाएं। इस मिश्रण को आप लगा छोड़ सकती हैं। इससे भी डार्क स्पॉट्स कम होंगे और आंखों में चमक भी बढ़ेगी। दूध की मलाई को पान के पत्ते में रख कर ठंड कर लें और फिर आप इसे आंखों पर लगाएं । ऐसा करने से भी डार्क सर्कल्स कम होते हैं और एजिंग स्पॉट्स भी हल्के पड़ने लगते है। त्वचा में मेलेनिन कम बनें, इसके लिए आप बाजार में मिलने वाली सनस्क्रीन इस्तेमाल करें ।

# नवरात्रि के नवरंग, मां के सभी स्वरूपों की पूजा के लिए पहनने अलग-अलग रंग



फैशन



मार्च में होली के बाद सबसे प्रमुख त्योहार नवरात्रि का आता है। इस बार चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हो रही है। नवरात्रि नौ दिनों का पावन पर्व है, जिसमें माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना की जाती है। भक्त उपवास रखते हैं और नौ दिनों तक मां के हर स्वरूप की खास पूजा करते हैं। जैसे सभी देवियों का अलग स्वरूप है, वैसे ही उनको प्रसन्न करने का अलग तरीका है। माता के सभी नौ स्वरूपों के अलग अलग प्रिय रंग हैं। माता के प्रिय रंग से उनका श्रृंगार कर सकते हैं ।

### प्रथम नवरात्रि पीला रंग

नवरात्रि की शुरुआत माता शैलपुत्री की पूजा से होती है। पहले दिन घटस्थापना के बाद मां शैलपुत्री की उपासना की जाती है। इस दौरान पीले रंग के वस्त्र पहनकर घटस्थापना करना और पूजा करना शुभ माना जाता है। आप भी नवरात्रि के पहले दिन पीले रंग के कपड़े पहनें। माता का श्रृंगार भी पीले रंग के वस्त्रों से कर सकते हैं।



### दूसरा दिन हरा रंग

चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है। मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी को हरा रंग प्रिय है। इस दिन हरे रंग की साड़ी या कुर्ता सलवार में तैयार हो सकते हैं और माता की पूजा कर सकते हैं।

### तीसरा दिन भूरा रंग

देवी चंद्रघंटा की पूजा नवरात्रि के तीसरे दिन की जाती है। मां चंद्रघंटा की पूजा में भूरे रंग के कपड़ों को पहनना शुभ माना जाता है। भूरे रंग का कुर्ता और लॉन्ग स्कर्ट पहन सकती हैं। सलवार सूट और फ्लोरल प्रिंट भूरी साड़ी भी काफी सुंदर लुक दे सकती हैं।

# क्या लिपस्टिक को फ्रिज में रखना चाहिए? जानें इससे जुड़े ब्यूटी हैक्स



होंठों पर लगी लिपस्टिक को लॉन्ग-लास्टिंग बनाने के लिए आपको रोजाना लिप केयर रूटीन को फॉलो करना चाहिए। मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं और इसमें सबसे ज्यादा लिपस्टिक को होंठों पर हम लगाते हैं। वहीं गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में अक्सर हम लिपस्टिक को स्टोर करने के लिए अलग-अलग तरीकों को आजमाते हैं। ऐसे ही सबसे ज्यादा हमने देखा होगा कि लिपस्टिक को फ्रिज में रखा जाता है। आखिर यह क्यों किया जाता है और यह कितना सही है? क्या आप जानते हैं? तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं कि लिपस्टिक को फ्रिज में रखने से क्या होता है और यह कितना सही है। साथ ही, बताएंगे लिपस्टिक से जुड़े कुछ अमेजिंग हैक्स।

**किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में रखना चाहिए ? :** मार्केट में आपको अनेक प्रकार की लिपस्टिक टेक्सचर देखने को मिल जाएंगे। इसमें ज्यादातर आपको क्रेयॉन और लिक्विड प्रोडक्ट्स देखने को मिलेंगे। बता दें कि मैट, ग्लॉस और सेमी मैट लिपस्टिक को स्टोर करने के तरीके एक दूसरे से बिल्कुल अलग होते हैं। ज्यादातर क्रेयॉन में मिलने ग्लॉसी और सेमी मैट लिपस्टिक को गर्मी के मौसम में पिघलने से बचाने के लिए आप इसे फ्रिज में रख सकती हैं। वहीं लिक्विड में केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को आप फ्रिज में रख सकती हैं।

**किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए ?:** ज्यादातर लिपस्टिक में ग्लॉस और मैट फिनिश को पसंद किया जाता है। ऐसे में हमें केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को ही फ्रिज में रखना चाहिए। गलती से भी आपको फ्रिज में मैट फिनिश लिपस्टिक को नहीं रखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि मैट लिपस्टिक में ऑयली प्रदार्थ कम होते हैं और फ्रिज में रखी हुई लिपस्टिक को सीधे होंठों पर लगाने से ये लिप्स को ड्राई कर सकती हैं। ऐसे में आपको लिपस्टिक की सही फिनिश भी नहीं मिल पाएगी।

# मंगलसूत्र के ऐसे डिजाइंस जो आपने पहले नहीं देखे होंगे



पुराने ट्रेडिशनल लगने वाले मंगलसूत्र के डिजाइंस से अगर आपका मन भी ऊब गया है, तो आपको मंगलसूत्र बनवाने के कुछ रोचक आइडियाज के बारे में जानना चाहिए। इन्हें आप भी एक बार ट्राई कर सकती हैं। आज आपके लिए कुछ ऐसे ही मंगलसूत्र के डिजाइंस, जो आपका मन मोह ।

### अमेरिकन डायमंड मंगलसूत्र डिजाइंस

अब काले मोती की लड़ में सोने का लटकटा पेंडेंट वाला मंगलसूत्र आउटडेटेड हो चला है। अब जमान फैंसी लुक वाले मंगलसूत्र का है और सोने के मंगलसूत्र में आपको बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। आप यदि बहुत ज्यादा महंगा मंगलसूत्र नहीं खरीदना चाहती हैं, तो 14, 18 और 20 कैरेट गोल्ड में आपको लाइटवेट मंगलसूत्र मिल जाएगा। आप इस तरह के मंगलसूत्र में अमेरिकन डायमंड वाला छोटा या बड़ा पेंडेंट भी लगवा सकती हैं। जहां तक बात काले मोती की है, तो अब शगुन के 11 या 21 काले मोती के साथ भी मंगल सूत्र तैयार हो रहे हैं, तो आप भी अपने लिए ऑर्डर पर ऐसा ही मंगलसूत्र बनवा सकती हैं।

### नाम और फोटो वाले मंगलसूत्र डिजाइंस

नाम वाले मंगलसूत्र का फैशन नया नहीं है, मगर इस डिजाइन का क्रेज अभी तक महिलाओं के अंदर है और अब इसमें नया अपडेट यह है कि आपको फोटो फ्रेम के साथ इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे, जिसमें आप अपनी शादी की तस्वीर या फिर पति की फोटो लगवा सकती हैं। यदि दिखने में बहुत अच्छे लगते हैं। इस तरह के मंगलसूत्र में आपको डिजाइन ऑप्शन कम मिलेंगे, मगर आप फॉन्ट को अपनी पसंद के अनुसार चुनकर मंगलसूत्र को थोड़ा नया लुक दे सकती हैं। यह मंगलसूत्र भी आपको ऑर्डर पर बनवाना होगा और इसमें अधिकांश लाइटवेट मंगलसूत्र ही आपके देखने को मिलेंगे।

## कार्नर न्यूज

### तपिश भरे मौसम में आउटफिट्स पर ध्यान देना जरूरी

# गर्मियों के दौरान कूल और स्टाइलिश लुक के लिए अपनाएं फैशन टिप्स

गर्मी के मौसम में शॉर्ट्स और ओवरसाइज्ड टी-शर्ट घर में पहनने के लिए सबसे अच्छे आउटफिट्स में से एक है, लेकिन यह किसी अवसर के हिसाब से सही नहीं है। किसी भी अवसर के लिए आपका ड्रेसिंग सेंस अच्छा होना चाहिए। साथ ही ग्रूमिंग स्टाइल भी मौसम के अनुसार होना चाहिए। आप ये फैशन टिप्स फॉलो करें, ताकि आपको गर्मियों में किसी भी अवसर पर कूल और स्टाइलिश लुक मिल सके।



### कपड़े फिट तो आप हिट

गर्मियों में कई पुरुष ढीले-ढाले कपड़े पहनना पसंद करते हैं, लेकिन इससे आपका फैशन खराब होता है। कपड़े कितने ही महंगे क्यों न हों या फिर कितने ही मनपसंद क्यों न हों, अगर ये आपकी बॉडी पर फिट नहीं बैठ रहे हैं तो लुक के लिए की गई आपकी सारी मेहनत बिल्कुल बेअसर हो जाएगी। इसी कारण जरूरी है कि आप मुलायम फैब्रिक के बॉडी फिट कपड़ों का ही चयन करें।

### सफेद रंग के कपड़े चुनें

एक सफेद शर्ट या टी-शर्ट न केवल जींस या ट्राउजर के साथ अच्छी लगती है, बल्कि यह चिलचिलाती गर्मी में आपके शरीर को ठंडा रखने में भी मदद करती है। अगर आप पसीने के दाग के कारण सफेद पहनने से कतराते हैं तो इसकी जगह हल्के रंग के कपड़े चुनें और जींस की जगह ट्राउजर पहनें क्योंकि यह हल्का और आरामदायक होता है। महिलाओं पर भी ये सफेद रंग के आउटफिट्स खूब जंचते हैं।

### जितना रहेंगे सोबर, उतना लगेंगे बेहतर

कई पुरूषों का माना है कि वे जितने ब्राइट और ज्यादा पैटर्न वाले कपड़े पहनेंगे, वे उतने स्टाइलिश रहेंगे, जो कि उनकी गलतफहमी है। यह लोगों का ध्यान खींचने में तो मदद करता है, लेकिन गलत ढंग से, इसलिए हमेशा सिंपल-सोबर और साफ-सुथरे रहें। इसी के साथ अपनी स्किन का भी अच्छे से ख्याल रखें क्योंकि ऊपरी तौर पर दिखने वाली चीजों के साथ बेसिक सुधारों पर भी ध्यान देना जरूरी है।


### टोपी पहनने में न शर्माएं

आमतौर पर गर्मियों के दौरान लोग टोपी पहनना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन आप इसे अपनी स्टाइल का हिस्सा बनाने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। इसकी मदद से न सिर्फ आपका सिर सूरज की हानिकारक UV किरणों से सुरक्षित रह सकता है, बल्कि इससे आपको कूल लुक भी मिल सकता है। पुरुषों को इसके साथ प्रयोग करने से नहीं शर्माना चाहिए।

### शर्ट की स्लीव्स को रोल करें

यह गर्मियों के दौरान पुरुषों के लिए सबसे आसान और प्रभावी स्टाइलिंग हैक्स में से एक है और इसके लिए उन्हें ज्यादा कुछ करने की जरूरत भी नहीं है।

बस फुल स्लीव्स की शर्ट पहनें और उसकी स्लीव्स को रोल करते हुए कोहनी के ऊपर रखें। इसके अतिरिक्त, अपने बालों और दाढ़ी को भी समय-समय पर ट्रिम करते रहें। इससे आपको बहुत अच्छा लुक मिलेगा।




# अजय देवगन की 'मैदान' का गाना 'रंगा रंगा' जारी

**मुंबई।** 'शैतान' की अपार सफलता के अब अजय देवगन फिल्म 'मैदान' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म में अजय की जोड़ी प्रियामणि के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। यह फिल्म ईद के खास मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इससे पहले अब निर्माताओं ने 'मैदान' का नया गाना 'रंगा रंगा' जारी कर दिया है, जिसे वैशाली सामंत ने अपनी आवाज दी है। 'मैदान' की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी।

लाइफ Style

# मलाइका

## अरबाज के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं

बालीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोडा अपने पूर्व पति अरबाज खान के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं। इस दौरान जहां मलाइका अपनी मां के साथ थीं वहीं अरबाज के साथ उनकी पत्नी शूरा और पिता सलीम खान थे।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

डिनर करने के बाद जब सभी बाहर निकले तो कैमरा में स्पॉट हुए। इतना ही नहीं मलाइका की मां फिर सलीम खान के साथ कार में घर गईं। ये फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस उन सबके बीच बोंडिंग देख खुश हैं। मलाइका काफी ग्लैमरस लग रही थीं। सलमान खान के पिता सलीम खान रेस्टोरेंट से बाहर आकर जब गाड़ी का इंतजार कर रहे थे तो उस दौरान पैपराजी ने मलाइका और उनकी मां के साथ उनकी फोटो क्लिक कीं। अरबाज और शूरा फोटो के लिए सबके साथ नहीं आए। इस दौरान अलीजेह अग्निहोत्री, सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सजदेह और रवीना टंडन भी दिखीं।

अनुमान लगाया जा रहा है कि यह पार्टी 'पटना शुक्ला' फिल्म की वजह से हुई हो, जिसके प्रोड्यूसर अरबाज हैं। फिल्म शुक्रवार को रिलीज हुई। इसमें रवीना लीड रोल में हैं। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान अरबाज और शूरा की मुलाकात हुई थी। बता दें कि मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान का तलाक हुए लंबा समय हो गया है। उनके एक बेटा अरहान खान है। अरबाज ने पिछले साल के अंत में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ शादी कर ली थी।



## हॉलीवुड मसाला



# बाइक एक्सीडेंट में गई जान

नई दिल्ली। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता चांस पेर्डोमो अब नहीं रहे। महज 27 साल की उम्र में अभिनेता ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। 30 मार्च को अभिनेता की एक बाइक एक्सीडेंट में जान गई। कला के प्रति उनका जुनून और जिंदगी के प्रति उनकी भूख से हर वह शख्स वाकिफ था, जो उन्हें जानते थे। चांस ने अपने करियर की शुरुआत कम उम्र में शुरू की थी। साल 2016 में उन्होंने शॉर्ट फिल्म लॉन्गफील्ड ड्राइव से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था। हालांकि, उन्हें पॉपुलैरिटी आफ्टर वी फेल से मिली।




# एना और लाइवली की फिल्म के सीक्वल का ऐलान

**नई दिल्ली।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने 2018 की हिट फिल्म अ सिम्पल फेवर के दूसरे भाग की घोषणा की है। फिल्म में एना केंड्रिक, ब्लेक लाइवली, हेनरी गोल्डिंग, एंड्रू रैनल्स और बशीर सलाहुद्दीन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि पॉल फीग निर्देशन कर रहे हैं। पॉल ने पहले भाग को भी निर्देशित किया था। अ सिम्पल फेवर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। दुनियाभर में फिल्म ने 97 मिलियन डॉलर लगभग 800 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। डार्सी बेल के किरदारों को जेसिका शॉरजर ने स्क्रीनप्ले में ढाला था। एना केंड्रिक ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्ट्रेस, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं। साथ ही न्यूयॉर्क टाइम्स की बेस्ट सेलिंग लेखिका भी हैं। नेटफ्लिक्स की फिल्म वुमन ऑफ द आवर से वो निर्देशकीय पारी शुरू कर रही हैं।



# हीरामंडी के लिए बनाया रिकार्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेबसीरीज हीरामंडीः दि डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकार्ड-ब्रेकिंग टाइम यानि 20 मिनट में पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास रच दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडीः द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडीः द डायमंड बाजार का दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' रिलीज हो गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में यानी की पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ-साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था।



# मनोज की 'जोरम' अब मुफ्त में यूट्यूब पर

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भैया जी' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इससे पहले मनोज को फिल्म 'जोरम' में देखा गया था, जो पिछले साल 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी। सिनेमाघरों के बाद इस फिल्म ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दी और अब आप 'जोरम' को फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं। 'जोरम' को आप जी म्यूजिक कंपनी के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। इस खबर की जानकारी देते हुए निर्माताओं ने फिल्म का लिंक भी दिया है। 'जोरम' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 40 लाख रुपये का कारोबार किया था। फिल्म की कहानी दसरू (मनोज) की है, जो झारखंड की आदिवासी बस्ती में रहता है। उसे अपनी पत्नी (तनिष्ठा चटर्जी) और 3 महीने की बच्ची जोरम के साथ मुंबई आना पड़ता है, जहां वह मजदूरी करके खुशहाल जिंदगी जीता है।

# उषा मेहता के किरदार में नहीं जमीं सारा अली खान



**मुंबई।** सारा अली खान स्टारर ऐ वतन मेरे वतन अब अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। यह जीवनी नाटक उषा मेहता के जीवन पर आधारित है, जो एक स्वतंत्रता सेनानी थीं और उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान सक्रिय रूप से काम किया था। सारा, जिन्हें आखिरी बार मर्डर मुबारक में एक ग्लैमरस भूमिका में देखा गया था, कन्नन अय्यर की नवीनतम रिलीज़ में एक शांत उषा की भूमिका निभा रही हैं। वह खादी साड़ियां पहनती हैं और हर मौके पर 'करो या मारो' चिल्लाती हैं, लेकिन ऐ वतन मेरे वतन में भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में असफल रहीं। ऐ वतन मेरे वतन की शुरुआत कनिष्ठ उषा द्वारा अपने पिता से यह कहने से होती है कि वह उड़ना चाहती है। सचिन खेडेकर द्वारा अभिनीत, उषा के पिता उसे आकाश में ऊंची उड़ान भरने के लिए पंख खोजने के लिए कहते हैं। इसके बाद फिल्म 1940 के दशक की कहानी बताती है जब सारा अली खान को भारत में ब्रिटेन की भागीदारी पर अपने पिता के साथ मतभेद करते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, जल्द ही उषा को एहसास हुआ कि उनके पंख उनकी लड़ाई की भावना और राष्ट्र के प्रति प्रेम हैं। फिर उषा ने लोगों को एकजुट करने और भारत छोड़ो आंदोलन को प्रज्वलित करने के लिए कांग्रेस रेडियो नाम से अपना रेडियो स्टेशन शुरू किया।

कनगराज के निर्देशन में बनेगी फिल्म

# रजनीकांत की थलाइवर 171 का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** रजनीकांत की 'जेलर' ने देश के साथ पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। रजनीकांतजल्द ही डायरेक्टर लोकेश कनगराज के साथ नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने थलाइवर 171 मूवी का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें रजनीकांत का धांसू लुक नजर आ रहा है। पोस्टर में रजनीकांत सोने की घड़ी से बनी हुई हथकड़ी पहने दिख रहे हैं। उन्होंने गोल्डन फ्रेम वाला सनग्लास भी कैरी किया हुआ है। फिल्म का टाइटल फिलहाल सामने नहीं आया है। 'लियो' और 'विक्रम' जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले लोकेश का रजनीकांत के साथ यह पहला प्रोजेक्ट है। लोकेश ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के बारे में अपडेट दिया। फिल्म का टाइटल 22 अप्रैल को रिवील किया जाएगा।



## इस साल के अंत तक हो सकती है रिलीज

फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज पर है, जो इस साल के अंत तक रिलीज हो सकती है। प्रोडक्शन सन पिक्चर्स कर रहा है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में इसका ऐलान किया था। फिल्म में शिवकार्तिकेयन का भी खास रोल है। बता दें कि गत वर्ष बॉक्स ऑफिस पर जेलर सरीखी फिल्म देने वाले रजनीकांत की इस वर्ष विशेष भूमिका वाली फिल्म लाल सलाम को असफलता का मुंह देखना पड़ा। इस फिल्म का निर्देशन ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया था, जो रजनीकांत की बेटी हैं।

# कैंसर से जंग जीतकर मिली दूसरी जिंदगी

**मुंबई।** मनीषा कोइराला किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। हालांकि, 2012 में कैंसर के कारण अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया से पूरी तरह दूरी बना थी तो अब वह फिर पर्दे पर वापसी कर चुकी हैं। मनीषा जल्द ही संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आएंगी। ऐसे में अभिनेत्री ने कैंसर को मात देने के बाद मिली दूसरी जिंदगी और 'हीरामंडी' के लिए आभार जताया है। मनीषा ने इंस्टाग्राम पर 'हीरामंडी' में अपने सह-कलाकार सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल के साथ नजर आईं तो उनके माता-पिता, प्रकाश कोइराला और सुषमा कोइराला भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वह कई चीजों के लिए आभारी हैं, जिसमें उनके करियर के उतार-चढ़ाव से लेकर अच्छे निर्देशक, दोस्त और कैंसर से जंग जीतकर मिली दूसरी जिंदगी शामिल है। मनीषा बोलीं, मुझे अब बेहतरीन फिल्में या शहरी जीवन नहीं चाहिए। मैंने केवल उन लोगों के साथ काम करना चुना है, जिनका मैं सम्मान करती हूं, इसलिए जब भंसाली का फोन आया तो मुझे पता था कि थोड़े समय के लिए अपनी शांत दुनिया को छोड़कर इसे करना सही होगा। अभिनेत्री ने भंसाली की तारीफ करते हुए कहा कि वह पहले दिन से ही प्रतिभाशाली थे।


'हीरामंडी' का हिस्सा बन आभारी हैं मनीषा कोइराला

# 'गुड्डी' से 'ड्रीमगर्ल' तक, इन अभिनेत्रियों ने सियासत में भी छुआ आसमान

*मुंबई। लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। ऐसे में सभी पार्टियों की तैयारियां भी तेज हो गई है। इस बार सियासी जमीन पर अभिनेत्री कंगना रनोट भी दांव- पेंच खेलते हुए नजर आ रहीं हैं। उनसे पहले भी कई अभिनेत्रियां राजनीति के क्षेत्र में लोहा मनवा चुकी हैं। उत्तर से दक्षिण तक, कई नामी अभिनेत्रियों ने राजनीति की जमीन पर कदम रखा और सफलता की परिभाषा लिख दी। पर्दे पर भले इन्होंने ग्लैमर्स अंदाज दिखाया हो लेकिन राजनीति में गंभीर राजनेत्री बनकर अपनी जिम्मेदारी निभाई।*



## वर्तमान में कंगना चुनाव मैदान में

सिनेमा और सियासत का रिश्ता काफी पुराना है। पर्दे पर अपनी अदाकारी से करोड़ों लोगों को दीवाना बनाने वाले सितारे अक्सर चुनावी बिसात पर किस्मत आजमाने पहुंचते रहे हैं। लोकसभा चुनाव में इस बार भी कई फिल्मी हस्तियां ताल ठोकते हुए नजर आ रही हैं। मंडी लोकसभा क्षेत्र से कंगना रनौत मैदान में हैं तो मथुरा से हेमा मालिनी चुनावी समर में एक बार फिर उतरी हैं।

## दोनों सदनों की सदस्य रहीं जया प्रदा



साउथ फिल्मों के बाद हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाने वाली जया प्रदा भी एक सफल राजनेत्री हैं। सियासत में रुझान बढ़ने के साथ 32 साल की उम्र में वो तेलुगु देशम पार्टी के साथ जुड़ी थीं। इसके बाद समाजवादी पार्टी और 2019 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। जया संसद के दोनों सदनों की सदस्य रह चुकी हैं।

## 6 बार मुख्यमंत्री बनीं जयललिता



तमिल सिनेमा की लीजेंड्री अभिनेत्री जयललिता ने भी सियासत की गलियों में खूब नाम कमाया। जयललिता को राजनीति में लाने का श्रेय तमिल सिनेमा के आइकॉनिक स्टार एमजी रामचंद्रन को जाता है, जिन्होंने जया के साथ कई फिल्मों में काम किया था। जयललिता ने 1982 में एआइएडीएमके ज्वाइन की थी। वो 6 बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनीं।

## अमरावती से चुनाव मैदान में नवनीत कौर

नवनीत कौर एक मशहूर भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्मों में लंबे अर्से तक काम किया है। नवनीत 2019 में अमरावती से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंची थीं। इस बार वो बीजेपी के टिकट पर अमरावती से ही चुनावी मैदान में हैं।

## राज्य सभा सदस्य रहीं नरगिस

नरगिस अपनी स्क्रीन प्रेजेंस के लिए आज भी याद की जाती हैं। मदर इंडिया, बरसात और आवारा समेत अभिनेत्री ने कई सुपरहिट फिल्में दीं। अदाकारी के बाद नरगिस ने राजनीति में भी हाथ आजमाया और राज्यसभा में जाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं। नरगिस 3 अप्रैल 1989 से 3 मई 1981 तक (निधन से पहले) राज्यसभा सदस्य रहीं।



## पॉलिटिक्स में लंबी पारी खेल रहीं हेमा मालिनी

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने भी राजनीति में अपना दबदबा बनाया। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर हेमा मालिनी ने पॉलिटिक्स में एक लंबी पारी खेली और अभी भी मैदान में डटी हुई हैं।

## राज्य सभा सदस्य जया बच्चन



बॉलीवुड की गुड्डी जया बच्चन, समाजवादी पार्टी की सदस्य हैं और राज्यसभा सांसद हैं। जया का राज्य सभा में चौथा कार्यकाल चल रहा है। 2004 में वो पहली बार राज्य सभा पहुंची थीं।



## मंत्री पद तक पहुंचीं स्मृति ईरानी

टीवी से करियर की शुरुआत करने वाली स्मृति ईरानी भारतीय जनता पार्टी का अहम हिस्सा हैं, क्योंकि सास भी कभी बहू के साथ घर-घर में छा जाने वाली स्मृति महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं। इससे पहले वो मानव संसाधन विकास मंत्री रह चुकी हैं।

8-APR- RAG-Bhoomi pg 4_Layout 1 4/8/2024 9:22 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### पुसौर पुलिस की स्थायी-अस्थायी वारंटीयों पर सघन कार्रवाई

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के 3 लोगों को न्यायालय के आदेश पर स्थायी, अस्थायी वारंटी जारी हुआ। जिनके गिरफ्तारी का बागडोर थाना प्रभारी आर के बंजारे एवं उनके टीम को दी गई। इसके लिए टीआई बंजारे ने एएसआई यू एस विश्वाल इनके ओसनीक विश्वाल एवं दिनु गोड को वारंटियों को गिरफ्तार करने आदेश दिया। जिसमें उक्त तीनों ने लगातार अथक प्रयास करने के बाद इन्हें गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया है। इस संबंध में इन्होंने बताया कि निरंजन चौहान पिता फुलचंद चौहान उम्र 37 वर्ष निवासी छोटे भंडार के विरूद्ध स्थाई वांरट जारी हुआ था वहीं ग्राम लोहरसिंह के संतोष नायक पिता चमरा उम्र 30 वर्ष तथा गोपाल महंत पिता करमदास उम्र 35 वर्ष के विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी था। उल्लेखनीय है कि स्थाई वारंट के जरिए आरोपी को गिरफ्तार करने कोई समय सीमा नहीं होती वहीं अस्थायी वारंट में एक निर्धारित समय होता है जिसमें पुलिस महकमा अपनी ड्यूटी पुरी करती है।

### चोरी की मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ बीते दिनों एक युवक को गिरफ्तार किया है। चांदमारी ईमाम बाडा में एक मकान के भीतर चार्जिंग में लगे मोबाइल की चोरी कर भाग रहे युवक को रात्रि मोहल्ले के लोगों ने पकड़ा। घटना को लेकर जावेद अली 25 साल चांदमारी ईमाम बाडा द्वारा रात्रि थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया और बताया कि 06 अप्रैल के रात्रि करीब 02 बजे घर के आंगन के दरवाजा कि खुलने की आवाज आने से नींद खुल गया, आंगन तरफ निकलकर देखा तो एक व्यक्ति भागने लगाए जिस पर शंका होने पर शोर मचाते हुए उसके पीछे भागा जिसे रियापारा के पास पकड लिए उस व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम श्याम साय पैंकरा पिता पैराग साय पैंकरा 25 साल ग्राम तेलाईन थाना तुमला जिला जशपुर का रहने वाला जिसके पेंट के जेब में घर से चुराया वीवो कम्पनी 16 मोबाईल 10,000 था। प्रार्थी जावेद अली की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 457,380 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी श्याम साय पैकरा को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

### ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूर्ण



**जशपुरनगर।** जिले के तीनों विधानसभा जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव के लिए आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए ईवीएम रेंडमाइजेशन के तहत ईएमएस ईवीएम मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपीएटी का प्रथम स्तरीय रेंडमाइजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल एवं राजनीतिक दलों की उपस्थिति में प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण किया गया। जिसके अंतर्गत उपलब्ध मशीनों को विधानसभा वार निर्धारित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू, कांग्रेस, भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, एनआईसी डीआईओ संजय खाखा, लाइवलीहुड प्राचार्य अमरनाथ तथा निर्वाचन शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

### अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण का अवलोकन



**जशपुरनगर।** जिला पंचायत सीईओ ने शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्कूल जशपुर पहुंचकर वहां चल रहे मतदान दल दो एवं तीन के अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के विभिन्न कक्ष में पहुंचकर प्रशिक्षण के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों से बातचीत कर उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि की गुंजाइश नहीं होती है। इसलिए निर्वाचन के कार्य को विशेष सतर्कता एवं सावधानी के साथ करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा। जिससे बिना किसी अवरोध के निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस दौरान उन्होंने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी। इस दौरान जशपुर एसडीएम प्रशांत कुशवाहा भी उपस्थित थे।

### शिक्षकों के हित में सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखेगा शासन

**जशपुरगनर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा से चर्चा में शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षको के हित में सुप्रीम कोर्ट में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पक्ष रखा जाएगा, शिक्षको की सेवा सुरक्षा करेंगे,शिक्षा विभाग के सभी रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र शुरूकी जाएगी, बीईओ के पद पूर्ति नियम में हो संशोधन की गुंजाइश है, इसे परीक्षण किया जाएगा, पदोन्नति संशोधन पीड़ति शिक्षकों के लंबित वेतन का भुगतान करेंगे।

नवसंवत्सर 2081 का आरंभ, घर-घर होगी शक्ति की उपासना

# माता के मंदिरों में चैत्र नवरात्रि की धूम, आज होगी शैलपुत्री की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नूतन भारतीय नवसंवत्सर 2081 का प्रारंभ 9 अप्रैल को हो रहा है। नवसंवत्सर पर शहर में धर्मयात्रा निकलेगी। कुमकुम अक्षत तिलक कर नवसंवत्सर की बधाइयां दी जाएंगी। नीमए मिश्री और काली मिर्च का प्रयोग करेंगे। घरों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित राजेन्द्र पांडेय के अनुसार नवसंवत्सर का विशेष महत्व है। इसी दिन से शक्ति की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रा प्रारंभ होंगे। नौ दिनों तक देवी उपासक व श्रद्धालु देवी उपासना और व्रत अनुष्ठान करेंगे। घरों व मंदिरों में देवी पाठ और देवी मंत्रों का जाप होगा।नवरात्र को लेकर शहर के देवी मंदिरों में तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। मंदिर परिसरों की साफ सफाई के साथ रंग रोगन का कार्य चल रहा है। मंदिरों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा।

चैत्र नवरात्र 9 अप्रेल से शुरू होने जा रहा है। इस दिन लक्ष्मीनारायण योग, गजकेसरी योग, अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि के साथ ही वेद्रती और शुभ योग भी रहेंगे। यह दिन पूरे वर्ष का एक साधारण दिन नहीं अपितु इस दिन नव विक्रम संवत की भी शुरुआत होगी। कालयुक्त का प्रारंभ मंगलवार के दिन होने से मंगल इस संवत के राजा तथा मंत्री शनि होंगे। इसी दिन न्याय शास्त्र के निर्माता महर्षि गौतम की भी जयंती के अलावा चेटीचंड और ज्योतिष दिवस भी रहेगा। नौ दिनों तक विशिष्ट योगों में मातारानी की आराधना होगी। इस साल चैत्र नवरात्र के 9 दिन बेहद अद्भुत योग का संयोग बन रहा है, जिससे भक्तों को माता रानी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होगा, देवी पूजन सफल होगा। एक श्लोक के अनुसार नवरात्र की शुरुआत जिस वार से होती है, उस वार के अनुसार देवी मां अलग अलग वाहनों पर सवार होकर धरती लोक आती हैं।



### नौ दिनों तक चलेंगे पूजन अनुष्ठान

नवरात्र पूजन अनुष्ठान 9 अप्रेल से प्रारंभ होगा। घरों और मंदिरों में घट स्थापना के साथ नौ दिवसीय देवी पूजन अनुष्ठान की शुरुआत होगी। पंडित शास्त्री के अनुसार घट स्थापना का शुभ मुहूर्त अभिजित वेला में मध्याह्न 12.15 बजे से दोपहर 1.06 बजे तक श्रेष्ठ रहेगा। घर घर में स्थापित देवी प्रतिमाओं का तेल, सिंदूर से अभिषेक, पूजन, श्रृंगार, आरती कर नवरात्र पूजन की शुरुआत की जाएगी।

### चंद्रहासिनी मंदिर में जगमगाएंगें आस्था के 6 हजार दीप

**चंद्रपुर।** नवगठित सक्ती जिले के चंद्रपुर में स्थित चंद्रहासिनी देवी मंदिर में इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर आस्था के जोत रूपी लगभग 6000 से अधिक तेल ज्योत कलश जलने की संभावना है। इस वर्ष चैत्र नवरात्र 9 अप्रेल को नवरात्र पर्व के प्रथम दिवस प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा ढोल बाजे के के साथ निकाल कर विधिवत पूजा अर्चना कर नवरात्र पर देवी आराधना आरम्भ की जाएगी। जैसा की नवरात्र पर्व के पहले दिन से ही भारी संख्या में दर्शनार्थी पहुचने लगते है जो नवरात्र के अंतिम दिनों में प्रती दिवस लाखो की संख्या में रहती है। दिनों दिन दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ती रहतीं है। ऐसे में आने वाले दर्शनार्थियों को ध्यान में रख मंदिर की साफ़ सफाई व दर्शनार्थियों की सुविधा की दृष्टि से मंदिर परिसर के साथ मंदिर के आसपास में पेयजल, सीसीटीवी कैमरे, स्वास्थ्य, पार्किंग, सुरक्षा आदि की व्यवस्था दुरुस्त की गई है। नवरात्र के पावन अवसर पर मंदिर न्यास जसगीत संग अन्य कई कार्यक्रम का आयोजन भी स्कूल खेल मैदान में कर रहा है जिसमे 13 अप्रेल कों दुकालू यादव, 14 अप्रेल आरु साहू, 15 अप्रेल स्वाति मिश्रा राम आयेंगे, 16 अप्रेल कवियत्री अनामिका अंबर, कवि सौरभ जैन, कवि प्रबुद्ध सौरभ, कवि स्वयं श्रीवास्तव, कवि हिमांशु बवंडर का काव्य पाठ होगा, 17 अप्रेल गरिमा, स्वरना दिवाकर की प्रस्तुति होंगी।



## केदारनाथ यात्रा वृतांत को दिया पुस्तक का रूप, बताए अनुभव

**खरसिया।** मदनपुर निवासी प्रशान्त चतुर्वेदी ने अपनी केदारनाथ यात्रा के हर एक पल को यादगार बनाने के लिए यात्रा वृतांत लिखकर उसे एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित कराया है। जिसका शीर्षक स्वर्ग की अनुभूति केदारनाथ यात्रा रखा गया है। उसी पुस्तक का शिवार्पण लोकार्पण मदनेश्वर नाथ महादेव मंदिर मदनपुर में सम्पन्न हुआ। इस दौरान पहली किताब बाबा को अर्पित की गई।

मूल रूप से जांजगीर चाम्पा जिले के ग्राम मुड़पार अफरीद निवासी और ग्राम मदनपुर खरसिया में पले बढ़े शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला सरगुजा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंगारी सीतापुर में व्याख्याता के पद पर कार्यरत प्रशान्त चतुर्वेदी अपने शिक्षक साथियों बी एन सिंह, दयाराम भगत, जगेंद्र पैंकरा, कल्याण सिंह, बनमाली पटेल, पारस पैंकरा, संतोष सिंह और संदीप तिर्की आदि के साथ वर्ष 2022 में केदारनाथ धाम, बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर गए थे। इस यात्रा के दौरान के पलों को यादगार बनाने के लिए उन्होंने इसे एक किताब के रूप में प्रकाशित कराया है। इस पुस्तक का शीर्षक स्वर्ग की अनुभूति केदारनाथ यात्रा रखा गया है। इस किताब को शब्द साहित्य प्रकाशन, बिलासपुर ने प्रकाशित किया है। 110 पेज के इस पुस्तक में यात्रा के दौरान मिले खट्टे मीठे अनुभवों के अलावा यात्रा से पहले और यात्रा के दौरान क्या किया जाना चाहिए और क्या नहीं किया जाना चाहिए इसका भी उल्लेख किया गया है।

## पुसौर टी -20 ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर के इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम में बीते 4 अप्रेल से टी-20 ट्राफी क्रिकेट मैच का आयोजन जिला एवं स्थानीय क्रिकेट समिति के अगुवाई में हुआ जिसमें कुल 8 टीम ने भाग लिया। इस संबंध में समिति प्रमुख व नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष किशोर कसेर ने बताया कि एपी ब्लास्टर ने टास जीत कर पहले फिल्डिंग किया और सामने वाले टीम पाली फाईटर को बल्लेबाजी के लिये आमंत्रण किया।

इसमें पाली फाईटर टीम 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 114 रन ही बना पाई जबाब में एपी ब्लास्टर ने 19 ओवर 5 गेंद में 5 विकेट खोकर 115 रन बनाकर पुसारै टी 20 कप पर कब्जा कर लिया और मैन आफ द मैच खिलेश सिदार रहे जिन्होंने 4 ओवर में 10 रन देकर 4 विकेट लिए। समापन के अवसर पर विनोद महामिया, महेन्द्र यादव, रोहित पटेल, अनिल सतपथी पंचम चौहान, अमृत सिंह जटाल, सुरेश यादव, सतीष चौहान सुरेन्द्र पाल सिंह बल अनंतराम यादव, विनोद गुप्ता फकीर पटेल, मोतीलाल निशाद, भोजराज मेहर, लक्ष्मण चौहान, जगन्नाथ यादव, अविनाश थवाईत, नेहरू सारथी, अभिमन्यु सारथी सहित अन्य लोग रहे। मंच संचालन और मैच का आंखोदखी लक्ष्मण चौहान और पंचम चौहान द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि पुसौर में आयोजित हुए क्रिकेट के इतिहास में इस तरह का आयोजन कभी नहीं हुआ था चूंकि इसमें जहां राष्ट्रीय स्तर के खिलाडी मौजुद रहे वहीं पिच को बनाने में पिछले 2 माह से लाखों रूपए खर्च कर नए कलेवर में बनाए गए हैं जो आज के स्थिति में यह स्टेडियम रायपुर स्थित विर नारायण स्टेडियम स्तर का हो चुका है। मैच के आयोजन को लेकर किसोर कसेर ने बताया कि आयोजित हुए उक्त त्रिदीवसिय मेंच में कुल 8 टीम शामिल हुए थे और प्रत्येक टीम में उम्दा खिलाड़ी शामिल हुए थे जिनका चयन रायगढ के अंश होटल में हुआ था। उक्त खेल का सीधा प्रसारण टीव्ही व युट्युब में लोग देख रहे थे।



## काव्य वाटिका का 22 वाँ सम्मान डा. मनीषा को

**रायगढ़।** रायगढ़ के साहित्यकारो को सम्मानित करने का बीड़ा उठाए काव्य वाटिका पहुँची प्रसिद्ध साहित्यकार लोचन प्रसाद पाण्डेय की परपोती डा. मनीषा अवस्थी का सम्मान करने। डा. मनीषा एक विदुषी महिला है जो पेशे से एक शिक्षिका हैं और अपने दादा तथा नाना के साहित्यिक परिवार के मौहौल से अपनी लेखनी की प्रेरणा को अग्रसित करती हैं।

6 अप्रैल को देवांगन धर्मशाला के साफ सुथरे परिवेश में काव्य वाटिका द्वारा कार्यक्रम रखा गया। डा. मनीषा अपनी माता और पुत्र के साथ पहुंची थी उन्होंने अपने जीवन परिचय के साथ अपनी उत्कृष्ट कविता का पाठ किया वही उनकी माता ने सुआ, विवाह गीत और ददरिया गाकर साहित्य समाज को धन्य कर दिया। विधिवत माता सरस्वती के पूजन पश्चात मनीषा का सम्मान पुष्प गुच्छ, शाल फल स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर किया गया। संचालन आनंद सिंघनपुरी और गुलशन खम्हारी ने किया तथा काव्य वाटिका के संस्थापक सदस्य के अलावा बहुत से साहित्यकार उपस्थित हुऐ जिनमें मुख्य अतिथि प्रो.के के तिवारी और विशिष्ट अतिथि कमल बोहिदार, के साथ आशा मेहर किरण, सुधा देवांगन सुचि, मनोज श्रीवास्तव, स्वाति पंड्या, लोकेश गुप्ता, डा. विक्रांत गुप्ता, गुलशन खम्हारी प्रदुम्न प्रभा पाण्डेय, रजनी वैष्णव, आरती मेहर, धरा देवांगन, जयंत यादव आदी है जिन्होंने अपनी श्रेष्ठतम रचनाओं का पाठ किया मुख्य आतिथ्य की आसंदी से तिवारी ने काव्य वाटिका की उपलब्धि पर बधाई और आशीर्वाद देते हुऐ कहा साहित्य के प्रति निरू स्वार्थ सेवा देकर काव्य वाटिका प्रति माह सम्मान करती है और एक मंच प्रदान कर युवा और वरिष्ठ साहित्यकारों का संगम कराती है ।



## कथा व्यास श्रीस्वरी देवी का प्रवचन व मधुर संकीर्तन



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर कार्यालय प्रांगण में कुछ माह पूर्व कथा व्यास श्रीस्वरी देवी का वृहद रूप से प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन का आयोजन हुआ था इसके संपन्न होने के बीच ही पुसौर क्षेत्र के कई श्रद्धालुओं ने इनसे दीक्षा प्राप्त किया था और जब कथा का समापन हुआ उस दिन समूचे नगर में संकीर्तन करते हुए परिक्रमा भी की थी। तब से लेकर अब तक प्रत्येक रविवार को अभिनव स्कूल में इनके दिक्षित लोगों ने एक प्रार्थना सभा का आयोजन करते रहे हैं और इस बीच पुनः कथा व्यास श्रीस्वरी देवी का आगमन हुआ है तो लगातार बाजार प्रांगण स्थित मंगल भवन में इनका कार्यक्रम जारी है जो लगभग 7 बजे से 10 बजे तक चलती है। ज्ञात हो कि इश्वर के सामिप्य लाभ हेतु बताए गए गुर को नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष किशोर कसेर सहित अन्य प्रभावी लोगों ने इसे अंगीकार किए हुए है जो इन दिनों सियासत और जनता का भक्तिकाल की संज्ञा दी जा रही है।

## फोरम की महिलाओं को दी गई वर्चुअली कानूनी जानकारी

**रायगढ़।** सोशल फोरम ऑन ह्यूमन राइट्स की राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमसिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य व राष्ट्रीय महासचिव वाहीद सिद्दीकी के उपस्थिति में गत शुक्रवार को फोरम से जुड़ी महिलाओं के संबंध में भारतीय संविधान में प्रचलित मौजूदा कानूनों की जानकारी देकर उन्हें अपने अधिकारों को समझने व निर्भीक होने की वर्चुअली वेबीनार संपन्न हुई जिसमें एनसीआर दिल्ली, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उड़िसा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और राजस्थान से अनेकों महिलाओं और फोरम के आला पदाधिकारियों की उपस्थिति रही कोरबा छत्तीसगढ़ ला कालेज के प्राचार्य हरिकृष्ण पासवान फोरम के राष्ट्रीय ज्वांइट जनरल सेक्रेटरी ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों के संदर्भ में संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों में प्रमुख रूप से घरेलू हिंसा अधिनियम, मातृत्व अवकाश अधिनियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, विदेश विवाह अधिनियम, दहेज प्रताड़ना अधिनियम, लेबर लॉ के प्रावधान, इंडीसेंट प्रोहिबिशन तथा कार्यस्थल पर महिला उत्पीडन रोकने संबंधी अधिनियमों का विस्तार से जानकारी देते हुए अवगत कराया वैदिक काल और प्री वैदिक काल में पहले महिलाओं की पूजा होती थी आज यह स्थिति बद से बद्तर हो गई है, सावित्री बाई फुले के कालखंड से महिलाओं की शिक्षा से जागृति मिलती चली गई यह कहना ला कालेज के प्राचार्य एच के पासवान का है, फोरम की महिला संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यवाणी ने भारत की महिलाओं की मौजूदा हालात का वास्तविक घटनाचक्र का अनेकों उदाहरणों के साथ प्रस्तुतिकरण कर उपस्थित वेबीनार में सभी को चौंका दिया उनके मार्मिक वक्तव्यों और अनछुए पहलुओं को प्याज के छिलकों की तरह परत दर परत उधेड़ने से माहौल मार्मिक हो चला था।

## नाबालिग की तीन दोस्तों ने पीट पीटकर की हत्या, गिरफ्तार



**रायगढ।** धरमजयगढ़ क्षेत्र में 8 वीं कक्षा के नाबालिग छात्र की उसके ही स्कूल के दोस्तों ने इस कदर पीटा की छात्र की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने तीनों नाबालिग छात्रों को हिरास्त में ले लिया है। पूरा मामला सिसरिंगा के पास स्थित गणेशपुर गांव की है। इस संबंध में धरमजयगढ़ एसडीओपी सिद्धांत तिवारी ने बताया कि गणेशपुर गांव में रहने वाले 4 नाबालिग छात्रों के बीच शनिवार को पुरानी विवाद को लेकर झगड़ा हो गया फिर तीन छात्रों ने मिलकर एक छात्रा की जोरदार पिटाई कर दी। जिससे छात्र को अंदरूनी चोंट लगने से उसकी सोमवार की सुबह मौत हो गई। उन्होंने बताया कि होली के समय से मृतक छात्र के साथ इन तीनो का विवाद चल रहा था, उनके बीच गाली गलौज होती थी। मृतक छात्र इन तीनों छात्रों को अपशब्द बोलता था। इस बात को लेकर दो दिन पहले शनिवार को इनके बीच मारपीट हुई थी। जिसमें तीनों ने मृतक छात्र को जोरदार पिटाई कर दी।

## युवती को ब्लैकमेल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** युवती को ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

थाना पत्थलगांव क्षेत्र की 22 वर्षीय युवती ने अपने परिजनों के साथ 07 फरवरी को थाने में उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बिलासपुर में रहकर पढ़ाई करती है। उसे पत्थलगांव निवासी आरोपी जतिन अग्रवाल अपने मोबाइल से व्हाट्सअप किया व चैट करने लगा। बीच-बीच में वह प्रार्थिया को फोन करता था। प्रार्थिया द्वारा रिंग रिसीव नहीं करने पर आरोपी ने फोन कर कहा कि-तुम्हारा फोटो मेरे पास है,मुझसे बात करो नहीं तो मैं अश्लील फोटो में एडिट कर तुम्हारे परिवार एवं जान-परिचय वालों में वायरल कर दूंगा, अगर बचना है तो अपना अष्लील विडियो बनाकर मुझे भेजो। उसके कहने पर प्रार्थिया घबराकर वीडियो बनाकर जतिन अग्रवाल के व्हाट्सअप में भेज दी व कहा,कि वीडियो को कहीं मत भेजना। इसके बाद प्रार्थिया उससे बात करना बंद कर दी थी। लगभग 03 माह पूर्व आरोपी ने प्रार्थिया को फोन कर मिलने हेतु अपने पास बुला रहा था, जिसे मना करने पर प्रार्थिया के अश्लील विडियो को वायरल कर दिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सायबर सेल एवं मुखबीर की सूचना पर प्रकरण के आरोपी जतिन अग्रवाल को दबिश देकर बिलासपुर से अभिरक्षा में लेकर थाना पत्थलगांव लाया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

